दिनांक 20.06.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

## स्मार्ट कार्ड के लिए निगम सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के निर्देशानुसार आज राष्ट्रीय एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत छुटे हुए परिवारों का स्मार्ट कार्ड बनाये जाने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण निगम मुख्य कार्यालय के सभागर में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यशाला में वार्ड के पार्षद, स्वास्थ्य विभाग के मितानिन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के आमंत्रित किया गया था।

उक्त प्रशिक्षण शाला में स्वास्थ्य विभाग के जिला समन्वयक (स्मार्ट कार्ड) श्री देवेश त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि हितग्राहियों को पंजीयन पश्चात् मौके पर ही स्मार्ट कार्ड बनाकर दिया जायेगा। पंजीयन शुल्क के रुप में 30 रुपये प्रति परिवार शासन द्वारा निर्धारित देय शुल्क है। निगम द्वारा शिविर के लिए वार्डवार प्रचार–प्रसार निर्धारित तिथि अनुसार कराया जा रहा है। प्रत्येक परिवार को सूची अवलोकन पश्चात् सत्यापन अधिकारी द्वारा टोकन का वितरण किया जावेगा। टोकन क्रमांक के अनुसार स्मार्ट कार्ड बनाया जावेगा। नगर निगम भिलाई में 56010 परिवारों का स्मार्ट कार्ड बनाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक वार्ड में शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का प्रारम्भ 21 जून से 17 अगस्त 2018 तक किया जायेगा।

**जन सम्पर्क अधिकारी**